भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस विज्ञप्ति

Reference No.: Mumbai **Date:**01/10/2015

मुंबई में आईआरडीएआई के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

श्री टी.एस. विजयन, अध्यक्ष, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने नेशनल इन्शुरन्स बिल्डिंग, 12, जमशेदजी टाटा रोड, तल मंजिल, चर्च गेट मुंबई-400 020 पर 1 अक्तूबर, 2015 को आईआरडीएआई के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। जीवन और गैर-जीवन बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ब्रोकर, एजेंट और बीमा उद्योग के अन्य महानुभाव उपस्थित थे।

अवसर पर बोलते हुए श्री विजयन, अध्यक्ष, आईआरडीएआई ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय पश्चिमी क्षेत्र में स्थित बीमा कंपनियों/मध्यवर्ती संस्थाओं का निरीक्षण करने के अलावा, क्षेत्रीय कार्यालय उपभोक्ता जागरूकता फैलाने और बीमा संबंधी शिकायतों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इन कार्यों के साथ, आईआरडीएआई पालिसीधारकों के साथ अधिक निकटता से काम कर पायेगा और इस क्षेत्र की विनियमित संस्थाओं का पर्यवेक्षण करने की बेहतर स्थिति में रहेगा।